आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



# प्रकृति पर्व सरहुल की भव्य शोभायात्रा आज, तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** रांची में प्रकृति पर्व सरहुल की शोभायात्रा शुक्रवार को निकाली जायेगी। मुख्य सरना स्थल हातमा और सिरम टोली सहित सभी सरना स्थलों में सरहुल की पूजा पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ होगी। दोपहर बाद सभी सरना स्थलों और क्षेत्रों से शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। विभिन्न क्षेत्रों से होकर शोभायात्रा सिरम टोली पहुंचेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिरम टोली स्थित सरना स्थल जाएंगे, जहां पर पूजा में हिस्सा लेंगे। सरहुल शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी है।

**मुख्य पाहन जगलाल ने केकड़ा पकड़ने की रस्म अदा की :** मुख्य सरना स्थल हातमा में मुख्य पाहन जगलाल ने घड़े में पानी रखने और केकड़ा पकड़ने की रस्म अदा की। 24 मार्च की सुबह घड़े में रखे पानी की दिशा देखकर इस वर्ष बारिश कैसी होगी, इसकी भविष्यवाणी की जाएगी। इसके अतिरिक्त शहर के अन्य सरना स्थलों में भी प्रकृति पर्व सरहुल की पूजा पारंपरिक विधि-विधान के साथ की जायेगी।

वहीं दूसरी ओर सरहुल पर्व को लेकर पूरे शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। सभी चौक चौराहों पर अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है। लगभग 2000 हजार पुलिस बल की तैनाती की गयी है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सरहुल को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। ट्रैफिक में भी बदलाव किया गया है।

## केंद्रीय सरना समिति ने सरहुल के लिए जारी किये दिशा निर्देश

गुरुवार को केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय 13आर आइटी बिल्डिंग कचहरी रांची के द्वारा सरहुल शोभायात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए निम्नलिखित दिशा निर्देश जारी किये गये।
सरहुल शोभायात्रा में शामिल महिलाएं लाल पाड़ साड़ी एवं पुरुष धोती गंजी पहनकर शामिल हों।
पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल नगाड़ा मांदर के साथ नृत्य संगीत करें।
अपने अपने गांव मौजा के खोडहा दल को सरहुल समिति के लोग विशेष सुरक्षा व्यवस्था करें।
नशा पान करके शोभायात्रा में शामिल ना हो।
डीजे साउंड का प्रयोग ना करें।
छोटे-छोटे बच्चों के पैकेट में नाम पता मोबाइल नंबर अवश्य डालें।
अपने खोड़हा दल में ही नाच गाना करें दूसरे के दल में ना घुसें।
वहीं केंद्रीय सरना समिति के द्वारा आपातकालीन स्थिति में मोबाइल नंबर जारी किया गया है। जिस पर किसी भी स्थिति में संपर्क किया जा सकता है।
फुलचंद तिर्की -9199967174, बिमल कच्छप -9693174687, प्रमोद एक्का -6299371199, विनय उरांव -7004087109, बाना मुंडा -9931187344, अमर तिर्की -9608098661, नीरा टोप्पो -9006304309, सहाय तिर्की -8051191030।

# जसपुरिया में धूमधाम से मनाया गया सरहुल महोत्सव



**रांची (आजाद सिपाही)।** जसपुरिया बीएड कॉलेज में प्रकृति पर्व सरहुल बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि प्रकृति के दिये उपहार का हमें सदुपयोग करना चाहिए और इसके दोहन से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व के माध्यम से प्रकृति को उसके उपहारों के लिए धन्यवाद देते हैं और साथ ही प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए दृढ़ संकल्पित होते हैं। निदेशक शालिनी प्रिया ने कहा कि झारखंड प्रदेश प्राकृतिक रूप से खूबसूरत होने के साथ-साथ प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है। हम सबको इसके संरक्षण के प्रति सचेत रहना चाहिए इसके पूर्व अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार निदेशक शालिनी प्रिया जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा बीसा के प्रधान उमेश बडाइक द्वारा दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में प्रशिक्षु अनीता दमयंती, सुशीला, कोमल, प्रणिता, निकेतन, हरेंद्र, शिवांगी, गुलशन आदि प्रमुख रहे। इस अवसर प्राध्यापक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी वर्षा रानी, शशि प्रभा, माधवी लता, सरिता शर्मा, उषा मिंज़, सरिता सिंह, साजीव कुमार, रंचन, नाजिर आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ अनिल मिश्र द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु शिवांगी एवं अनुज द्वारा किया गया।

# झारखंड विधानसभा से एक विधेयक पास और छह विधेयक वापस लिये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को भोजनावकाश के बाद सत्ता और विपक्ष के हंगामे के बीच राज्य सरकार ने छह विधेयक वापस ले लिये, जबकि इटकी ट्यूबरोकुलोसिस सेनेटोरियम (रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग) (संशोधन) विधेयक-2023 सदन से पारित हुआ।

## इन विधेयकों को वापस लिया गया

- औद्योगिक विवाद (झारखंड संशोधन) विधेयक 2018
- झारखंड ठेका मजदूर विनियम एवं उन्मूलन (झारखंड संशोधन) विधेयक 2015
- बिहार औद्योगिक राष्ट्रीय एवं उत्सव अवकाश और आकस्मिक छुट्टी झारखंड संशोधन विधेयक 2015
- झारखंड दुकान एवं प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक 2018
- झारखंड श्रम विधियां (संशोधन) एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम विधेयक 2018
- कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक 2019

# लंबे अंतराल के बाद हम सब ने मिलकर सदन के समय का सदुपयोग किया : रवींद्रनाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने बजट सत्र के समापन भाषण में कहा कि लंबे अंतराल के बाद हम सब ने मिलकर सदन के समय का जिस तरह सदुपयोग किया है। वह सभी माननीय सदस्य और कर्मियों के सहयोग के बिना संभव नहीं था। इस सत्र में कुल 1126 प्रश्न स्वीकृत हुए। इनमें 51 अल्पसूचित और 22 तारांकित प्रश्न का जवाब सदन में मिला। विभागों से 930 प्रश्नों के उत्तर मिले। शून्यकाल में 352 प्रश्न लिये गये 75 स्वीकृत ध्यानाकर्षण में 34 सूचनाएं ली गयी। इस सत्र के दौरान विनियोग विधेयक सहित कुल छह विधेयक सभी पटल पर रखे गये। इनमें से पांच विधेयक पारित हुए और एक यानी मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को विचारोपरांत प्रवर समिति को भेजा गया। 104 निवेदन स्वीकृत हुए जिसे संबंधित विभाग को भेज गया। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय में हो रही वृद्धि बता रही है कि विकास को लेकर सरकार कितनी गंभीर है।

## इरफान अंसारी ने सीएम हेमंत को दी शुभकामनाएं

# टोपी, शॉल ओढ़ा कर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हज कमेटी के चेयरमैन सह जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 23 मार्च गुरुवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को माह-ए-रमजान की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टोपी और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास की पटरी पर दौड़ रही झारखंड :** इस दौरान इरफान अंसारी ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी धर्मों को लेकर चलते हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड विकास की पटरी पर दौड़ रही है। साथ ही कहा कि यही हमारी झारखंड की संस्कृति और सभ्यता है। हम लोग सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और सभी को एक साथ लेकर चलते हैं। इस दौरान युवा झारखंड के संरक्षक आरसी आलम, पप्पू, जावेद आलम, गुलाम गौश, अरशद, विनय अग्रवाल, सोहेल मलिक, आरिफ राजा मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हाइकोर्ट ने नक्शा स्वीकृति मामले में रांची नगर निगम और आरआरडीए से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी है। साथ ही सुनवाई की अगली तिथि 6 अप्रैल निर्धारित की है। कोर्ट ने मामले में रांची नगर निगम और आरआरडीए से पूछा है कि ऑनलाइन मोड में नक्शा स्वीकृति का कार्य होने के बाद से अब तक कितने नक्शे स्वीकृत हुए, कितने नक्शे की स्वीकृति का काम लंबित है और कितने नक्शे को अस्वीकृत किया गया। इस पर स्टेटस रिपोर्ट दायर करें। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट से नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक हटाने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता को इससे संबंधित पिटीशन दाखिल करने को कहा है।

### पूजा सिंघल की डिस्चार्ज याचिका पर हुई सुनवाई, इडी कोर्ट में सशरीर हुई हाजिर

रांची (आजाद सिपाही)। मनी लॉउंड्रिंग केस की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल गुरुवार को रांची इडी की कोर्ट के समक्ष सशरीर हाजिर हुईं। गुरुवार को इडी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात शर्मा की अदालत में उन्होंने हाजिरी लगायी। इस दौरान खूंटी जिले से जुड़े मनरेगा घोटाला केस में पूजा सिंघल की ओर दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। दोनों ओर से हुई बहस के बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 25 मार्च की तिथि निर्धारित की है। उस दिन भी डिस्चार्ज पर बहस होगी। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी और विक्रांत सिन्हा ने पक्ष रखा, वहीं इडी की ओर से अधिवक्ता आतिश कुमार ने बहस की।

### व्यवसायी रामस्वरूप रुंगटा को हाइकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत, मनी लॉन्ड्रिंग केस में हैं आरोपी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के बड़े व्यवसायी राम स्वरूप रुंगटा की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पांडेय नीरज राय ने कोर्ट में बहस की। वहीं इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक अमित दास ने बहस की।

### बच्चू यादव की जमानत याचिका खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने गुरुवार को विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व बीते मंगलवार को याचिकाकर्ता और इडी का पक्ष सुनने के बाद मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। जमानत याचिका में बच्चू यादव की ओर से कहा गया था कि उन्हें जिस मामले में इडी ने आरोपी बनाया है, उसमें वह शामिल नहीं है। बरहरवा थाने में दर्ज कांड संख्या 85/ 2020 में उसका नाम नहीं है। उसके खिलाफ दर्ज सभी केसों में उसे जमानत मिल गयी है।

### सांसद निशिकांत दुबे को भेजा नोटिस

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने गुरुवार को गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को नोटिस जारी किया है। अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआइआर को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ की याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 अप्रैल निर्धारित की है। तब तक याचिकाकर्ता मंजूनाथ पर पीड़क कार्रवाई पर कोर्ट ने रोक लगायी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अजय शाह ने पैरवी की।

### सुषमा बड़ाइक को हाउस गार्ड देने का दिया निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष गुरुवार को आदिवासी महिला सुषमा बड़ाइक पहुंची। उन्होंने हाउस गार्ड वापस लिये जाने का मामला कोर्ट के संज्ञान में लाया। इस पर कोर्ट ने रांची एसएसपी से वर्चुअल मोड में बात की। एसएसपी ने कोर्ट को बताया कि दिसंबर 2022 में इनकी हत्या करने का प्रयास हुआ था। इस कारण उन्हें हाउस गार्ड मुहैया कराया गया था। अब सारे आरोपित पकड़े जा चुके हैं। इसके अलावा अभी सरहुल एवं रामनवमी पूजा को लेकर अतिरिक्त पुलिस फोर्स की आवश्यकता है, इसलिए इनका हाउस गार्ड वापस ले लिया गया था। एसएसपी ने कोर्ट को यह भी बताया कि सुषमा बड़ाइक को तीन बॉडीगार्ड पहले से ही मिले हुए हैं। इस पर खंडपीठ ने सुषमा को हाउस गार्ड उपलब्ध कराने का रांची एसएसपी को निर्देश देते हुए इससे संबंधित याचिका को निष्पादित कर दिया।

## श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र का किया गया गठन

# रमेश सिंह अध्यक्ष, युवराज पासवान और बजरंग वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष बने



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र का गठन गुरुवार को किया गया। मंडल में रमेश सिंह अध्यक्ष और बजरंग बर्मा, युवराज पासवान कार्यकारी अध्यक्ष बने। बेठक में थारपखना, लालपुर, डांगरा टोली, नागरा टोली, कोकर चुना भट्टा, कोकर चौक, गाड़ी गांव, बांध गाड़ी क्षेत्रों के अध्यक्ष, महामंत्री सहित महत्वपूर्ण लोग शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से रमेश सिंह को अध्यक्ष और बजरंग वर्मा, युवराज पासवान कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए। वहीं रमेश गोप संयोजक, विजय पाठक, हरिनारायण सिंह, चंदन मिश्रा और शशि शेखर को मुख्य संरक्षकबनाया गया। संजीव विजयवर्गीय, बसंत दास, रमेश सिंह, रविंद्र वर्मा, सुरेंद्र सिंह, अभय कुमार सिंह, अर्जुन यादव, आदित्य विक्रम जयसवाल, प्रिय सहाय, रंजन पासवान, राजूराम, अजीत सिंह, महेंद्र जायसवाल को संरक्षक, नवीन सिंह पॉली वरीय उपाध्यक्ष, दीपू पासवान, अजय अग्रवाल, मुकुल, राजेश निषाद, राजेश प्रजापति, हितेंद्र सिंह, संजीव कुमार, उत्तम दुबे, कुणाल सिंह, राजेश महतो को उपाध्यक्ष, महेश सिंह, केके सिंहा, सुशील केसरी, सुभाष महतो, शम्मी कुमार, अमरीश खन्ना, बबलू पासवान, विश्वजीत कुमार, लिस पोद्दार को महामंत्री, अमित वर्मा, संजय वर्मा, विजय चौधरी, सुशील गुप्ता, राजू महतो, महेश चंद्र, रामचंद्र तिवारी, विनोद उरांव, दीपक यादव, रवि विजयवर्गीय, मंत्री प्रवीण प्रियदर्शी, नीरज भट्टाचार्य को प्रवक्ता जेपी भल्ला, पप्पू वर्मा, कारू राम, नगेंद्र विश्वास को प्रचार मंत्री, अर्जुन गिरी, महेश सिंघानिया को कोषाध्यक्ष और 130 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये।

## मां की ममता का सौदा मामले में बड़े सिंडिकेट का खुलासा

# खरीदार दंपति समेत 11 गिरफ्तार, 1.64 लाख बरामद

अजय चौरसिया



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर अस्पताल में जन्म लेने के बाद नवजात को बेचे जाने के मामले में चतरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार मोबाइल और 1.64 लाख रुपये नगदी बरामद हुए हैं।

गिरफ्तार आरोपितों में चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली डिंपल देवी, आशा देवी, मालती देवी, रामानंद कुमार, बोकारो जिले के आनंद प्रकाश जायसवाल उर्फ मोनू, सरोज कुमार, चंदन कुमार, रजनीकांत साव, हजारीबाग जिले के उपेद्र कुमार, रीना देवी, रामगढ़ जिले की सारू देवी शामिल हैं।

एसडीपीओ अविनाश कुमार ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि नवजात को सकुशल बोकारो जिले के पेटरवार से बरामद किया गया है।

उन्होंने बताया कि 21 मार्च को चतरा डीसी अबु इमरान को सूचना प्राप्त हुई कि 18 मार्च को प्रसव के कुछ ही घंटे के बाद एक महिला ने नवजात बच्चे को बेच दिया। यह सूचना डीसी ने चतरा एसपी को दी। इसके बाद एसपी ने चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने बोकारो से सकुशल बच्चे को बरामद किया। साथ ही घटना में संलिप्त 11 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

# जोश और उत्साह के साथ मनायेंगे सरहुल और रामनवमी : श्री सनातन महापंचायत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** श्री सनातन महापंचायत रांची ने राज्य भर के लोगों को बिना किसी भय के पूरे उत्साह और जोश के साथ सरहूल, रामनवमी और चैती नवरात्रा का आनंद लेने की अपील की है। महापंचायत के अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने गुरुवार को श्री दिगंबर जैन भवन में प्रेस वार्ता कर कहा कि यह एक संयोग है कि अभी एक साथ हिंदू नव वर्ष, सरहूंल, रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। त्यौहार का आनंद किसी भी प्रतिबंध के दायरे में मनाना आनंददायक नहीं हो सकता है। उन्होंने रांची सहित सभी लाइसेंस धारी अखाड़ों से अपील की है कि वह रामनवमी और दूसरे त्यौहारों का आनंद लें, ताकि अगली पीढ़ी भी इसेसे सीखें। कहा कि अभी रांची में लाइसेंस धारी 90 अखाड़े हैं। कल तक जिन मोहल्ले में 20000 की आबादी थी, वह अब अधिक हो गयी है। ऐसे में उन्होंने नए अखाड़ों को भी लाइसेंस आवंटित किए जाने की बात कही। 24 मार्च को सरहुल के जुलूस का सनातन महापंचायत फिरायालाल चौक पर उत्साहवर्धन करेगा। इसके जरिए राज्य की समृद्धि, संस्कृति का संदेश और मजबूत होगा।

महापंचायत ने सभी अखाड़ाधारियों को निर्देश दिया है कि जो अखाड़े झंडा उठाते हैं, वह शराब का सेवन ना करें। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को श्री सनातन महापंचायत द्वारा श्री महावीर मंडल के सभी पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, रामनवमी सिंगार समिति, चैती दुर्गा पूजा महासमिति और सभी अखाड़ों को महावीर चौक पर सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से श्री सनातन महापंचायत के संयोजक और मंडल के अशोक पुरोहित, संजय मिनोचा, संजय कुमार जयसवाल, शशांक राज, संजय महतो, रामबालक तिवारी, श्याम चौधरी, मणिकांत राव, रामाशंकर तिवारी, शुभम जयसवाल, तरुण कुमार जयसवाल आदि उपस्थित रहे।

# बंधु ने अविनाश पांडेय से मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने गुरुवार को नई दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय से मुलाकात की। तिर्की ने इस दौरान अविनाश पांडेय को प्रकृति पर्व सरहुल की शुभकामनायें देते हुए सरई फूल से बना पुष्पगुच्छ भेंट किया। तिर्की ने पांडेय को झारखंड का पारंपरिक अंग वस्त्र पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। पांडे ने झारखंड के सभी लोगों को सरहुल की शुभकामनाएं दी और विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड के सभी लोगों का आनेवाला समय बहुत ही उन्नतिपूर्ण होगा और वे निरंतर तरक्की के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। इस अवसर पर पांडेय ने तिर्की से झारखंड की गठबंधन सरकार की गतिविधियों की जानकारी ली और यह विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी के साथ ही, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और समान विचारधारा वाली पार्टियां जनहित में लगातार समर्पित रहकर सकारात्मक दिशा में काम करती रहेगी। तिर्की ने कहा कि, लोकतंत्र और संसदीय मूल्यों के दृष्टिकोण से आनेवाला समय बहुत ही चुनौतीपूर्ण है और सरहुल प्रकृति के साथ जुड़कर हमेशा आगे बढ़ने और जमीन से जुड़े रहने का पर्व है। तिर्की ने कहा कि उनकी दिल्ली यात्रा का उद्देश्य शीर्ष नेताओं से मिलकर उन्हें सरहुल की शुभकामनायें देना था। उन्होंने झारखंड के सभी लोगों को शुभकामनायें देते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की।

# राहुल गांधी को दोषी करार दिये जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस ने संकल्प मार्च निकाला



## अब सड़क से सदन तक लगेगी आग, ये न्याय हमें स्वीकार नहीं, राहुल गांधी मामले में बोले इरफान अंसारी

रांची (आजाद सिपाही)। राहुल गांधी को सूरत कोर्ट से मिली सजा को लेकर देश के साथ-साथ झारखंड की राजनीति भी गर्मा गयी है। बजट सत्र के आखिरी दिन सदन में कांग्रेसियों ने झारखंड विधानसभा में जोरदार हंगामा कर सदन की कार्यवाही को विलंबित किया। प्रदीप यादव ने कड़ें शब्दों में इसे भाजपा के इशारे पर चलने वाला खेल बताया, तो वहीं राहुल गांधी को मिली सजा पर कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम का बयान कि हम कोर्ट के निर्णय पर टिप्पणी नही करेंगे। मगर ये लोकतंत्र की हत्या करवायी गयी है। आगे कहा कि राहुल गांधी से बीजेपी डर गयी है। सदन में राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जाता है। ये सब बीजेपी के इशारे पर किया गया है। इस विषय पर आलमगीर आलम ने कहा कि राहुल गांधी को लेकर कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। इस मामले में जामताड़ा विधायक ने कहा कि इस फैसले को हम लोग नहीं मानेंगे। निश्चित तौर पर देश में अब आग लगेगी। देश भर से कांग्रेसी सड़क पर उतरेंगे। आगे इरफान ने कहा कि दो साल से अधिक सजा पर सदस्यता जाने का नियम ठीक नहीं, इस पर पुनर्विचार की मांग करते हैं हम। राहुल गांधी के लिए देश की जनता सड़कों पर उतरेगी। वहीं इस मामले में सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि कोर्ट के फैसले पर हम कुछ नहीं कहेंगे। लेकिन सरकार जिस तरह काम कर रही है, इससे साज़िश की बू आ रही है। आगे प्रदीप बालमुचू ने कहा कि यह राहुल गांधी के इंग्लैंड में दिये गये भाषण का असर है। राहुल गांधी विपक्ष के बड़े नेता हैं। इस तरह तो लोकतंत्र ही खत्म हो जायेगा। हम लोग चुप नहीं रह सकते हैं। हम लोग लड़ेंगे।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राहुल गांधी को मोदी सरनेम की टिप्पणी पर दोषी करार दिये जाने के बाद गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विरोध किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से संकल्प मार्च निकाल कर सुभाष चौक, शहीद चौक होते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंचे। जहां केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### हम लड़ेंगे भी और जीतेंगे भी

संकल्प मार्च को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सबको पता है कि राहुल गांधी तानाशाह के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। गलत को गलत कहने का साहस दिखा रहे हैं। इस साहस से तानाशाह घबराया हुआ है। कभी इडी, कभी पुलिस, कभी केस तो कभी सजा से डराने में जुटा है। हम लड़ेंगे भी और जीतेंगे भी। उन्होंने कहा कि डरी हुई सत्ता की पुरी मशीनरी साम, दाम, दंड, भेद लगाकर राहुल गांधी की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। लेकिन न हम कभी डरे हैं और न कभी हम डरेंगे। हम सच बोलते रहेंगे और तानाशाह की पोल खोलते रहेंगे।

### हम कानून में विश्वास रखने वाले लोग हैं

संकल्प मार्च को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि हम कानून में विश्वास रखने वाले लोग हैं। कानून के तहत लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह अचम्भित करने वाला मामला है कि मोदी नाम लेने पर मानहानि का केस दर्ज हो सकता है। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत जजों को बदला गया। चुनावी माहौल में ऐसे बयानबाजी अकसर हो जाते हैं। इससे यह साफ प्रतीत होता है कि एक अकेला राहुल गांधी पूरी केंद्र सरकार को विचलित कर दिया है।

### लोकतंत्र खतरे में, राहुल साहसी व्यक्ति: रोहित सिन्हा

युवा कांग्रेस के महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने कहा कि हमारा लोकतंत्र खतरे में है, क्योंकि न्यायपालिका, चुनाव आयोग, इडी पर दबाव है और उन सभी का दुरुपयोग किया जा रहा है। सभी फैसले प्रभाव में लिए जाते हैं। कानून में विश्वास रखने वाले हैं। कानून के तहत लड़ेंगे।

**ये रहे उपस्थित:** इस संकल्प मार्च में कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदीप तुलस्यान, केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, रवींद्र सिंह, विनय सिन्हा दीपू, गजेंद्र सिंह, सुरेश बैठा, रंजन बोयपाई, राजीव रंजन प्रसाद, आभा सिंहा, डॉ एम तौसीफ, ईश्वर आनंद, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, रोहित सिंहा सहित अन्य मौजूद थे।

## पेज-1 का शेष

### 1932 हमारा था, हमारा है और हमारा रहेगा : हेमंत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 27 फीसदी आरक्षण लाने का काम किया, लेकिन भाजपा के लोगों ने लटका दिया। इन लोगों की मंशा ही रहती है कि उसे लागू ही नहीं होने देना है, ताकि झारखंड के लोगों को नौकरी ना मिले। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि सियार शेर का खाल पहन लेने से शेर नहीं हो जायेगा।

**भाजपा ने बाहरी को दी नौकरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले झारखंड में आधे से ज्यादा बाहरी लोगों को लेकर भर दिया गया था। हमारे पास उसका आंकड़ा भी है। भाजपा की सरकार में जो शिक्षा मंत्री थे, उनके समय में अध्यापक की बहाली हुई। कुल 176 अध्यापकों की बहाली उनके जिले में हुई, जिसमें से 45 अध्यापक उत्तरप्रदेश के रहनेवाले बहाल किये गये। अभी हम लोगों ने जेपीएससी की बहाली की है, उसमें झारखंड के लोगों को बहाल किया है।

**भ्रष्ट अधिकारी भाजपा सरकार की देन :** हेमंत सोरेन ने कहा कि जिन पर इडी कार्रवाई कर रही है, वे सभी भाजपा सरकार की ही देन हैं। भाजपा की सरकार में कहां पर पुल गिरा, कौन लेता था इस तरह के निर्णय, कौन शह देता था गलत निर्माण करने का? यह सब भाजपा के टाइम पर ही किया गया है। हमारे समय में बता दीजिए कि कौन से ऐसे काम किये गये, जिसमें कोई पुल गिर गया? अभी तो राज्य ने चलना शुरू किया है, इससे पहले तो राज्य का पूरा विकास ही रुक गया था।

**ये हिंदू वोट बटोरने का काम करते हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों ने 20 सालों में कभी भी तपोवन मंदिर का काम नहीं किया। हमारी सरकार ने ही तपोवन मंदिर का जीर्णोद्धार करने का काम किया है। ये लोग सिर्फ उस पर हिंदू की राजनीति करते हैं। ये क्या हिंदू की बात करेंगे। ये सभी लोग हिंदुओं के दुश्मन हैं। ये लोग हिंदुओं का वोट बटोरने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हम झारखंड के 100 फीसदी लोगों को नौकरी देने की व्यवस्था करते हैं, तो भाजपा के लोग ही विरोध करते हैं। जब हम केंद्र से अपना हक अधिकार मांगते हैं, तो यही भाजपा के लोग वहां भी विरोध करते हैं।

**अमृतकाल में लोग जहर पीने को विवश हैं :** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज के अमृतकाल में कौन ऐसे लोग हैं, जो अमृत पी रहे हैं। अमृत काल में भी लोग जहर पीने को विवश हैं। गरीबी और भुखमरी चरम पर है। भाजपा की सरकार आते ही ये बातें कही गयी थीं कि बहुत कुछ बदलेगा। आज गरीब, किसान, व्यापारी कोई अपने पैर पर खड़ा नहीं हो पा रहा है। नोटबंदी का ऐसा काम इन्होंने किया कि आज पूरा देश अपने पैर पर नहीं खड़ा हो पा रहा है। यह सिर्फ और सिर्फ अपनी मनमानी राजनीति को स्थापित करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि देश की जो हालत हो गयी है, उसमें भाजपा के लोग ये बतायें कि गरीब वर्गों के लिए क्या किया है? रोजगार के लिए क्या किया है? यही लोग कहते थे कि गरीब लोग हवाई चप्पल पहन कर के हवाई जहाज में सफर करेंगे, लेकिन अब उसी हवाई जहाज को बेच दिया। रेलवे को भी बेच दिया है। इन लोगों की कथनी और करनी में बहुत अंतर है।

**तीन साल में बेहतरीन काम किया :** हेमंत सोरेन ने कहा कि हम लोगों ने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया है और बेहतरीन काम किया है। दो साल कोरोना वायरस में गया है। बचे हुए साल में हम लोग बेहतरीन तरीके से काम करेंगे। हम लोगों ने 10,00,000 किसानों को ऋण उपलब्ध कराया है। महिलाओं, किसानों, बुजुर्गों, अनुबंध कर्मियों, दिहाड़ी मजदूरों की बच्चियों को हम लोगों ने लाभ देने का काम किया है। अब तो जीएसटी की ऐसी व्यवस्था आ गयी है, जब तक केंद्र सरकार की हम पर कृपा नहीं बरसेगी, तब तक हम कोई काम कर नहीं पायेंगे। पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया गया। हमारी सरकार ने यहां के बच्चों को पूरा स्कालरशिप देकर विदेश पढ़ने के लिए भेजा। सोरेन ने कहा कि गलत नीतियों के नाते ही इन्हें एक राज्य से हाथ धोना पड़ा है। आनेवाले समय में इन्हें पूरे देश से हाथ धोना पड़ेगा।

**मदर ऑफ डेमोक्रेसी हो गयी पावर आफ फॉदर :** सदन में हेमंत सोरेन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लेकर आये कोर्ट के फैसले पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहा जाता था। लोग इसकी चर्चा भी करते थे, लेकिन अब इन लोगों ने जिस तरीके का हालात पैदा किया है, उससे पूरी व्यवस्था का मापदंड ही बदल गया है। जो हालात भाजपा ने पैदा किये हैं, उसके बाद अब भारत में एक नया रूप हो गया है, जिसमें डेमोक्रेसी को पावर आफ फॉदर बना दिया गया है।

# प्रदेश भाजपा की प्रमंडल स्तर पर सांगठनिक बैठक 24 से 27 मार्च तक

## अलग-अलग प्रमंडलों की बैठक में शामिल होंगे प्रदेश के नेता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा की सांगठनिक गतिविधियां लगातार तेज हो रही हैं। बूथ सशक्तिकरण अभियान को बल देने एवं सांगठनिक संरचना को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए आगामी 24 मार्च से 27 मार्च तक भाजपा की प्रमंडल स्तरीय सांगठनिक बैठक बुलाई गयी है। उक्त जानकारी भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। डॉ वर्मा ने बताया कि 24 मार्च को दुमका स्टेडियम में संथाल परगना प्रमंडल की बैठक आयोजित है जिसमे नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा शामिल होंगे। 25 मार्च को पलामू प्रमंडल की बैठक दीनदयाल स्मृति सभागार मेदनीनगर में आयोजित है जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय शामिल होंगे। 25 मार्च को कोल्हान प्रमंडल की बैठक तुलसी भवन, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में आयोजित है जिसे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश संबोधित करेंगे। जबकि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की बैठक हंस मंडप बोकारो में आयोजित है जिसमे नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू शामिल होंगे। 27 मार्च को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की बैठक, स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल, नगड़ी, रांची में आयोजित है जिसमे प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय शामिल होंगे। डॉ वर्मा ने बताया कि बैठक में विभिन्न जिलों में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला प्रभारी, सांसद,विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, निवर्तमान जिला अध्यक्ष ,बूथ सशक्तिकरण अभियान की 4 सदस्यीय जिला टोली,राष्ट्रपति के अभिभाषण कार्यक्रम के लिए गठित जिलों की 4 सदस्यीय टोली, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री शामिल रहेंगे।

### शहीद शेख भिखारी कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार

**रांची (आजाद सिपाही)।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेमिनार विषय - राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि कोल्हान यूनिवर्सिटी चाईबासा की प्रति कुलपति डॉ कामिनी कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत महिला सशक्तिकरण विषय पर अपना विचार व्यक्त किया तथा मुख्य वक्ता सहायक क्षेत्रीय निदेशक इग्नू के डॉ रागिनी राय रही। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन सुनील सहाय ने की। संचालन डॉ अंजू शर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संध्या लकड़ा ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के सचिव डॉ पीके वर्मा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद नसीम अख्तर उपस्थित रहे। टेक्निकल सेशन में उर्सलाइन शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा से व्याख्याता डॉ राहुल पांडे एवं डोरंडा कॉलेज के बीएड डिपार्टमेंट से व्याख्याता पूनम झा रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मीरा प्रसाद, अनुपम मिंज, प्रदीप सिंह, जाह्नवी पांडे, सुषमा सोरेंग, रूपम रानी, सुनीता चक्रवर्ती, मोहम्मद तौसीफ अहमद, जुनैद अख्तर,सरफराज अहमद, रोशन बेगम की अहम भूमिका रही।

### युवाओं पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण: विजय शंकर नायक

**रांची (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने कहा कि नियोजन नीति एवं स्थानीय नीति की मांग को लेकर विधानसभा का घेराव करने जा रहे झारखंड के छात्र युवा नौजवान साथियों पर लाठीचार्ज करना उनके हक और अधिकार को पुलिस बल के माध्यम से दबाने के समान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने उक्त बातें नौजवानों पर लाठीचार्ज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहीं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके सेअहिंसात्मक आंदोलन किये जाने पर लाठीचार्ज करना लोकतंत्र के लिए घातक है, और देश के संविधान का अपमान भी है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# पारस हेल्थकेयर अब नये लोगो और ब्रांड की पहचान के साथ बना पारस हेल्थ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गुरुग्रामः पारस हेल्थकेयर ने अपने नये लोगों के लांच के साथ अपने नये ब्रांड अभियान का अनावरण किया, जो उपचार और विश्वास का प्रतीक होते हुए इनोवेशन और प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पारस हेल्थकेयर, जिसे अब 'पारस हेल्थ' कहा जायेगा, ने अपने चार ब्रांड मूल्यों-करुणा, सुगमता, मितव्ययिता और उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया है। पारस हेल्थ का नया दृष्टिकोण एक स्वस्थ भारत के लिए साझेदारी करना है और इसका मिशन बुनियादी सुविधाओं और उपचार की कमी वाले समुदायों के लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुलभ बनाना है। नयी पहल के एक हिस्से के रूप में, पारस हेल्थ ने रोगियों की क्लिनिकल परीक्षण आवश्यकताओं के लिए प्रयोगशालाओं के एक नये वर्टिकल, पारस लैब्स में प्रवेश की घोषणा की है। पारस हेल्थ का भारत में छह अस्पतालों का एक नेटवर्क है जो आज की तारीख में 1500 बेड संचालित करता है।

2006 में गुरुग्राम में अपने पहले अस्पताल के साथ शुरू हुई श्रृंखला का विस्तार पटना, दरभंगा, उदयपुर, पंचकुला, रांची तक हो गया है और अब यह श्रीनगर और कानपुर तक फैल गया है। इस अवसर पर पारस हेल्थ के प्रबंध निदेशक डॉ. धर्मिंदर नागर ने कहा कि पिछले 17 वर्षों से पारस हेल्थ अपने मरीजों को सस्ती, सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। हमारा परिवर्तन केवल हमारे नाम और लोगो में बदलाव तक सीमित नहीं है, बल्कि पारस हेल्थ के भविष्य के रोडमैप को भी ध्यान में रखता है। पारस हेल्थ के ग्रुप सीओओ डॉ. सैंटी साजन ने कहा कि पारस हेल्थ का मिशन हमेशा सभी को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रहा है। हमारे पास उन लोगों की एक असाधारण टीम है, जो अपने रोगियों और उनके परिवारों के लिए सबसे अच्छी देखभाल प्रदान करने के बारे में जुनूनी हैं।

# नितिन गडकरी के कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के नेता, लोगों को किया संबोधित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम में प्रदेश के नेता पहुंचे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ समेत कई नेताओं ने गडकरी का स्वागत किया। कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया।

### मोदी जी की पहल से एलिवेटेड रोड बन रही है : संजय सेठ

कार्यक्रम में नितिन गडकरी का स्वागत करते सांसद संजय सेठ ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर स्वागत है। परिवहन सेवाओं और उसकी संरचना में उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाये हैं। 133 करोड़ देशवासी उन्हें उनकी सेवाओं के लिए साधुवाद देते हैं।

रांची की सबसे व्यस्त सड़क माने जानेवाले रातू रोड को ट्रैफिक समस्या से निजात दिलाने को मोदी जी की पहल से एलिवेटेड रोड बन रहा है। उम्मीद है कि अगले एक साल के अंदर ही नितिन गडकरी के हाथों इस सड़क का लोकार्पण होगा।

### रोड, हवाई कनेक्टिविटी से विकास की राह खुलती है: बाबूलाल मरांडी

पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रोड, हवाई कनेक्टिविटी से विकास की राह खुलती है। झारखंड को सौगात मिली है, जिसका बड़ा लाभ मिलेगा, गडकरी जी सहजता, सरलता से देश के विजन, भविष्य की बात करते हैं, धरातल पर भी करके दिखाते हैं, अभी विभिन्न सड़क परियोजनाओं का तोहफा मिला है। इसके अलावा भी उनसे कुछ अनुरोध किया गया है, उम्मीद है कि वह भी पूरा होगा।

### इनकी रही उपस्थिति

शिलान्यास कार्यक्रम में आदित्य साहू, वीडी राम, विद्युत वरण महतो, सीपी सिंह, विधायक भानु प्रताप शाही, कोचे मुंडा, नवीन जायसवाल, मेयर आशा लकड़ा और डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय समेत एनएचएआइ के अधिकारी मौजूद थे।

### झारखंड में भी सड़कों का जाल बिछ रहा है : दीपक प्रकाश

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि देश सहित झारखंड में भी सड़कों का जाल बिछ रहा है। पूर्व में देश में बननेवाली सड़कों की लंबाई और क्वालिटी की तुलना अल्पविकसित देशों से होती थी, पर 2014 के बाद से तस्वीर बदली है। अब विकसित देशों से तुलना हो रही है। हर दिन 40 किमी लंबी सड़कें बन रही हैं।

### एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार विषय- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि कोल्हान यूनिवर्सिटी चाइबासा की प्रति कुलपति डॉ कामिनी कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत महिला सशक्तिकरण विषय पर अपना विचार व्यक्त किया तथा मुख्य वक्ता सहायक क्षेत्रीय निदेशक इग्नू की डॉ. रागिनी राय रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन सुनील सहाय ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजू शर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संध्या लकड़ा ने किया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ पीके वर्मा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद नसीम अख्तर तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे। विभिन्न राज्यों के महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं प्रतिभागी शामिल हुए। टेक्निकल सेशन में उर्सूलाइन शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा से व्याख्याता डॉ .राहुल पांडे एवं डोरंडा कॉलेज के बीएड डिपार्टमेंट से व्याख्याता पूनम झा रही।

### श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का सिंजारा उत्सव धूमधाम से मनाया

रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का सिंजारा उत्सव विविध कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से आयोजित किया। दोपहर 12:30 के पूर्व भोग एवं शंख आरती के बाद मंदिर के पट बंद करके सिंजारा उत्सव की तैयारी प्रारंभ की गयी। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्री खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर में भी सिंजारा उत्सव मनाया गया। खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। ज्ञातव्य है कि भौमवती अमावस्या के बाद वर्ष के प्रथम नवरात्रि के दूसरे दिन सिंजरा उत्सव मनाया जाता है ।नवीन बागा पहनाकर खाटू नरेश का लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसी दल की मोटी मोटी मालाओं से सजाया गया। मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा एव मंदिर के आचार्यों ने बाबा श्याम को सजाया। इस अवसर पर खाटू नरेश को मंदिर में निर्मित विभिन्न मिष्ठान नमकीन पंचमेवा विभिन फलों का भोग चढ़ाया गया। श्रेष्ठ भोलाराम सावरमल नारसरिया ने पंचमेवा, सुभाष रौनक पोद्दार ने मिष्ठान एवं मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने विभिन्न फलों संतोष पोद्दार ने काजू मेवा प्रसाद की सेवा निवेदित की। संपूर्ण रूप से श्रींगारित श्री श्याम दरबार से जब परदा हटाया गया तो खाटू नरेश के जय जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अनिल नारनोली, पंकज गाड़ोदिया, रौनक पोद्दार, संजय सर्राफ, रतन शर्मा, श्यामसुंदर जोशी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने अपना योगदान दिया। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा शनिवार 25 मार्च को हरमू रोड के श्याम मंदिर में शाम 5 बजे से 55 वां श्री श्याम भंडारा होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्त जनों से श्री श्याम भंडारे का प्रसाद प्राप्त करने का अनुरोध किया।

### सरला बिरला विश्वविद्यालय में सरहुल महोत्सव आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला विश्वविद्यालय की इकाई महादेवी बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, नर्सिंग की प्राचार्या डॉ सुबानी बाड़ा, कोऑर्डिनेटर आशुतोष द्विवेदी, वाइस प्रिंसिपल मीनल श्वेता आदि के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सरहुल पर्व की शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने प्रकृति में परिवर्तन एवं नये साल के आगमन की स्वागत के अवसर पर आदिवासी संस्कृति में सरहुल पर्व मनाये जाने की बात कही। महादेवी बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी की प्राचार्या डॉ सुबानी बाड़ा ने प्रकृति पर्व सरहुल के मनाये जाने के विभिन्न कारकों एवं आदिवासी परंपराओं के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि सरहुल प्राकृतिक परिवर्तन एवं उत्साह का त्यौहार है। नर्सिंग के कोऑर्डिनेटर सह एडमिनिस्ट्रेटर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रकृति में परिवर्तन, बसंत आगमन और आदिशक्ति की उपासना चैत्र नवरात्रि तथा नव वर्ष के आगमन पर प्रकृति पूजक जनजातीय समाज सरहुल में प्रकृति की उपासना करते हैं। आदिवासी समाज के प्रकृति के साथ-साथ शिव पार्वती की भी पूजा करते हैं। नर्सिंग की छात्रा मोनिका पूर्णिमा एवं सरीन खलखो को ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने साल फूल लगाकर स्वयं मांदर बजाते हुए विश्वविद्यालय के छात्रों एवं प्राध्यापकों को सरहुल के धुन पर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग के ट्विटर पर प्रफुल्लो बरजो के द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन किया औपचारिकता वाइस प्रिंसिपल मीनल श्वेता के द्वारा पूरी की गयी। इस अवसर पर डॉ भारद्वाज शुक्ल, आदित्य रंजन, सुभाष नारायण शाहदेव, राहुल रंजन, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रतिमा बिलुंग, निरोलिन कुल्लू, राखी कुमारी, शिल्पा कुजूर, निक्की कुमारी, अंजना मासी, नम्रता टोप्पो सहित नर्सिंग के सभी प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### लाभुक को सौंपा गया दो लाख का चेक



रांची (आजाद सिपाही)। गुरूवार को बैंक ऑफ इंडिया कोकर शाखा की ओर से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सुंदर बिहार कोकर निवासी अवधेश कुमार सिंह को दो लाख रुपए का चेक सौंपा गया। उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, पार्षद अर्जुन यादव तथा मुख्य प्रबंधक राजीव प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से चेक सौंपा गया। ज्ञात हो कि सिंह की पत्नी अमिता देवी का पिछले दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। मृमक अमिता देवी ने बैंक ऑफ इंडिया कोकर शाखा से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा कराई थी। जिसका ससमय भुगतान सिंह को कर दिया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक राजीव प्रसाद ने प्रधानमंत्री जन धन योजना खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी तथा मृतक के परिवार को दुःख सहने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय और पार्षद अर्जुन यादव ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए बीमा और अटल पेंशन कराने के लिए प्रेरित किया।

## इंटर बटालियन क्रिकेट टूर्नामेंट सेमीफाइनल मैच में 26वीं वाहिनी ने 35वीं वाहिनी को हराया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के तत्वावधान में प्रखंड मैदान में चल रहे इंटर बटालियन क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच गुरुवार को खेला गया। सेमीफाइनल मुकाबला 26वीं वाहिनी एवं 35वीं वाहिनी के बीच हुआ, जिसमें 26वीं वाहिनी ने शानदार खेल का प्रर्दशन करते हुए 35वीं वाहिनी को 19 रनों से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह बनायी। पहले बैटिंग करते हुए 26वीं वाहिनी ने 20 ओवर में 136 रन बनाये थे। इसके जबाव में 35वीं वाहिनी बीस ओवर में 117 रन ही बना सकी। विजेता टीम की ओर से सुनील कुमार ने सर्वाधिक 45 रन बनाये जबकि मुनेन्द्र कुमार ने 35 रन के साथ दो विकेट झटके तथा सचिन कुमार ने 3 विकेट और संजय नाग ने 2 विकेट लिया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में 32वीं वाहिनी ने 29वीं वाहिनी को 68 रनों से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 26वीं वाहिनी एवं 32वीं वाहिनी के बीच 24 मार्च को खेला जाएगा। इससे पूर्व कमांडेंट एसडी शेरखाने ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सेमीफाइनल मैच शुरू कराया। मौके पर कमांडेंट ने खेल भावना के साथ खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

## डालसा की मदद से मानसिक रोगी परिजनों के साथ अपने घर वापस लौट सकी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सचिव डालसा के निर्देश पर डालसा की पीएलवी ने मानसिक रोगी संगीता देवी को परिजनों से मिलाकर उसे अपने घर वापस भेजने में मदद पहुंचायी है। मालूम हो कि मानसिक रोगी संगीता देवी को इलाज के लिए गत वर्ष 22 अक्टूबर को रिनपास में भर्ती कराया गया था। बेहतर इलाज के बाद मरीज बिल्कुल ठीक हो गई थी, पर अस्पताल प्रशासन के अथक प्रयास के बाद भी परिजन मानसिक रोगी को अपने घर ले जाने को तैयार नहीं थे। इसके बाद रिनपास प्रशासन ने डालसा से संपर्क किया तथा मरीज के परिजनों को समझाने व अपने घर ले जाने के लिए मनाने को कहा। इस पर डालसा सचिव ने कार्रवाई करते हुए कार्यरत पीएलवी को हरसंभव मदद पहुंचाने तथा स्वस्थ हो चुकी मानसिक रोगी संगीता देवी को परिजनों को समझाने-बुझाने का निर्देश दिया। डालसा सचिव के निदेर्शानुसार रिनपास में कार्यरत पीएलवी संगीता देवी ने दूरभाष के माध्यम से मानसिक रोगी के परिजनों से संर्पक किया तथा उन्हें समझाया कि मरीज बिल्कुल ठीक हो चुकी है इसलिए इन्हें घर ले जाया जाए। इसके बाद गुरूवार को परिजन रांची पहुंचे तथा अपनी भांजी संगीता देवी को अपने साथ घर ले गये।

## सिकिदिरी सहेदा मोड़ रामनवमी मेला के आयोजन को लेकर समिति का गठन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व के अवसर पर 30 मार्च को सहेदा मोड़ में आयोजित होने वाली रामनवमी मेले के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को सहेदा मोड़ में मेला समिति सेहेदा मोड़ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पारसनाथ भोगता ने की। बैठक में पांच गांवों के ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अस्त्र-शस्त्र का बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। मेले का सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष पारसनाथ भोगता ,सचिव नंदलाल राम, कोषाध्यक्ष जयनंदन सिंह, संरक्षक मुखिया राजेंद्र बेदिया, पूर्व मुखिया श्रवण कुमार मुंडा, पंसस विनोद रजवार, फारूक खान, प्रकाश यादव, रथुवा मुंडा, शिवधर रजवार, नीलमोहन पाहन, मणिराम मुंडा आदि को बनाया गया है। इस अवसर पर अमृत महतो, महेश महतो, श्रीनाथ महतो, नागेश्वर महतो, सीताराम रजवार, बिरजू करमाली, प्रेम बेदिया, सुरेश करमाली व कमलनाथ महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आदर्श पंचायत नवागढ़ में दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र ने किसान दिवस का किया आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ में दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र, रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के द्वारा समूह प्रथम पंक्ति प्रत्येक्षण योजना अन्तर्गत पंचायत के रंगामाटी बरवाटोली, बड़कीगोड़ाग एवं नवागढ़ खक्सीटोली आदि गांवों में चना, तीसी एवं गर्मा मूंग का प्रत्येक्षण किया गया है। इसी कड़ी में आज रंगामाटी बरवाटोली एवं बड़कीगोड़ाग गांव में किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंगामाटी बरवाटोली के किसान बिरसा बेदिया की खेत में लगे चना फसल का क्रोप कटिंग की गई। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनोज सिंह ने दलहनी फसलों का महत्व एवं उसका भंडारण को लेकर विस्तार पूर्वक बताया। डॉ. मनोज सिंह ने किसानों द्वारा बीजामृत से बीज उपचार, खरपतवार नियंत्रण एवं किट नियंत्रण हेतु पीला ट्रेप का उपयोग की काफी प्रसंसा की। साथ ही अपने दैनिक अहार में मोटे अनाज का उपयोग करने की सलाह दी। मौके पर संतोष बेदिया, महाबीर बेदिया, हरिचरण बेदिया, बिरसा बेदिया, जयराम बेदिया, पोदीना मुण्डा, बलसाय मुण्डा, ललसाय मुण्डा, धनीराम बेदिया, नान्हू बेदिया, सुगन देवी, कवित्री देवी, रिता देवी, चैती देवी, सोनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## आपसी भाईचारगी एवं नशामुक्त होकर मनायें सरहुल पूजा : अमर उरांव



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में शुक्रवार को प्रकृति पर्व सरहुल बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। सरहुल की सारी तैयारियां कर ली गयी हैं। सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष व पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव ने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि त्योहार में मादक पदार्थ शराब या किसी अन्य तरह की नशा से दूर रहकर सरहुल को आपसी प्रेम व शांतिपूर्ण तरीके से मानकर खुशियां बांटने का काम करें।

### बैठक : सरहुल पूजा को लेकर राजाडेरा खिजरीटोली में सरना प्रार्थना सभा का आयोजन

# प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाने का लिया गया निर्णय

**जल जंगल जमीन को संरक्षित कर ही हम अपनी सभ्यता, संस्कृति एवं पहचान को बरकरार रख सकते हैं : चारी उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** सरहुल पूजा को लेकर राजाडेरा खिजरीटोली में गुरुवार को सरना प्रार्थना सभा सह बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकृति पर्व सरहुल पूजा धूमधाम और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर धरम मां चारी उरांव ने कहा कि आदिवासियों की पहचान प्रकृति से जुड़ी हुई है। जल जंगल जमीन हमारी धरोहर है और इसे संरक्षित कर ही हम अपनी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा और पहचान को बरकरार रख सकते हैं।

मौके पर पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने सरहुल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें प्रकृति के साथ इसमें रहने वाले तमाम मानव जाति, जीव-जंतु से प्रेम करने की सीख देता है। साथ ही उनके सुख-समृद्धि का संदेश देता है। कहा कि आगामी 12 अप्रैल को यहां आयोजित झंडागढ़ी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में हिरदू उरांव, बैजनाथ उरांव, मंटु उरांव, मदन बेदिया, रामसहाय बेदिया, महेश उरांव, सोहराई उरांव, विनोद उरांव, बंधु उरांव, महाबीर बेदिया, प्रेम उरांव, मिलन उरांव, ठाकुर उरांव, अनु तिर्की, निर्मला कच्छप, तारामणी कच्छप, सरिता उरांव, दुलारी कच्छप, सुनीता गाड़ी सहित सैकड़ों की संख्या में सरना धर्मावलंबी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री से कांग्रेसी नेताओं ने मुलाकात कर राज्य की ज्वलंत समस्याओं पर की चर्चा

**मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं पर जल्द कदम उठाने का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजय पांडेय, प्रदेश प्रवक्ता ज्योति सिंह मथारू, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव सह कांके विधानसभा प्रभारी महेश कुमार मनीष ने विधानसभा सचिवालय में मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने मुख्यमंत्री को रांची जिले सहित कांके विधानसभा की जन समस्याओं से अवगत कराया और इसके समाधान हेतु पहल करने की बात कही। वहीं चेंड़ी मनातू स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में जमीन रैयतों को मुआवजा नहीं दिये जाने की बात भी बतायी। नेताओं ने रांची जिले के सभी अंचलों में जमीन रयतों का ऑनलाइन गड़बड़ियों का सुधार कार्य नहीं होने की बात बतायी और ऑनलाइन जमीन का रकबा, खाता संख्या, प्लॉट संख्या में सुधार कार्य में तेजी लाने हेतु सीओ को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने की भी बात कही। बताया कि कांके अंचल के कई गांव का खतियान नहीं है इसे ऑनलाइन अपडेट करने की दिशा में उचित कदम उठाया जाए। रांची शहर सहित रिंग रोड पर आए दिन हो रही बड़े-बड़े दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने हेतु आवश्यक कदम उठाने की भी बात बतायी। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्यों को सरकारी स्तर पर उचित मानदेय शीघ्र देने हेतु पहल करने की भी बात कही। वहीं उत्तर प्रदेश राज्य और छत्तीसगढ़ राज्य की तर्ज पर मीडिया कर्मियों सहित खासकर अंचल के मीडिया कर्मियों को सुरक्षा देने हेतु नियम कानून नये सिरे से बनाने की भी बात नेताओं ने मुख्यमंत्री के सामने रखी।

इस पर मुख्यमंत्री ने नेताओं को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आप लोगों की बातों पर उचित कदम सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेसी नेताओं को सरहुल पर्व और रामनवमी पर्व की भी शुभकामनाएं दी।

## बालू लदे हाइवा ने एक व्यक्ति कुचला, मौत

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुग बेड़ो सड़क साई मंदिर से आगे सड़क पर शाम लगभग 7.30 बजे एक बालू लदे हाईवा ने एक व्यक्ति को अपने चपेट में ले लिया। मृतक महाबीर सिंह (55) पिता हरनजी बेड़ो की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक बेटी के घर गांव लोटा कर्रा से लौट रहा था। लापुंग पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक की पत्नी गयमन्ती देवी के अलावे चार बेटी जिसमें तीन कुंवारी हैं। एक पुत्र अर्जुन सिंह जो वाहन चालक है वह बाहर रहता है। दुर्घटना के बाद बालू लदा हाइवा भागने में सफल रहा। कर्रा निवासी मृतक का दामाद बीरेंदर सिंह ने बताया कि लाश को शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा। घटना स्थल पहुंचे अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामशंकर सिंह ने वरीय पुलिस पदाधिकारी से संपर्क कर हाइवा चालक को कड़ी सजा दिलाने एवं मुआवजा दिलाने की मांग की।

## बाघवार अकादमी क्रिकेट टीम का शानदार प्रदर्शन जारी

**अंतर विद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में यंग मोनार्क बाघवार अकादमी की बी टीम ने साईं ब्लू क्लब क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** आज रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर विद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत 14 वर्ष के आयु वर्ग में खेले गए लीग मैच में यंग मोनार्क बाघवार अकादमी की बी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साईं ब्लू क्लब क्रिकेट टीम को 8 विकेट से पराजित कर दिया। आज के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए साईं ब्लू क्लब की टीम ने 34.2 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर कुल 192 रन बनाये। इस टीम के प्रांजल अभी ने अपनी टीम के लिए शानदार 44 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में पवन शर्मा ने अपनी टीम के लिए 21 रन बनाए, तीर्थ महात्मे ने 28 रनों का योगदान दिया एवं समृद्ध भारद्वाज ने 22 रन बनाए। यंग मोनार्क की गेंदबाजी शानदार रही। इस टीम के जिया उल हक ने 6 ओवरों में 40 रन देकर 4 विकेट लिए तथा हर्षित नयन ने 7 ओवरों में 45 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया एवं हिमांशु महली ने 7 ओवरों में 28 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किए। जवाबी पारी खेलते हुए बाघवार अकादमी की टीम ने इस लक्ष्य को मात्र 24 ओवरों में 2 विकेट खोकर पूरा कर लिया। इस टीम के ओपनर बल्लेबाज कौशल कुमार ने अपनी टीम के लिए शानदार शतक लगाते हुए 106 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में अभिषेक महली ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 52 रनों का योगदान दिया। कौशल कुमार को ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टीम के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने क्रिकेट कोच अजय कुमार एवं सहायक कोच अनुज उरांव सहित सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दी।

### कार्यक्रम : बेड़ो के महादानी मैदान में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है सरहुल : सुका उरांव

**कार्यक्रम में खोड़हा दल की दर्जनों टीमों ने परंपरागत नाच गान प्रस्तुत कर जनजातीय संस्कृति का समां बांधा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** सरहुल पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में गुरुवार की रात महादानी मैदान में सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। जहां लापुंग, बेड़ो व इटकी प्रखंड के दर्जनों खोड़हा दल के ग्रामीणों ने ढोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा व बांसुरी की धुन व थाप पर परंपरागत जतरा, लूझरी, जदूरा और माठा आदि राग रागिनी पर आधारित परंपरागत नाच गान प्रस्तुत कर जनजातीय संस्कृति व अनमोल परंपरा का अद्भुत समां बांधा। वहीं खोड़हा दलों को मांदर, दर्री व गैस बती लाइट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अथितियों का स्वागत महासमिति के अध्यक्ष सुका उरांव, संरक्षक राकेश भगत व जुगेश उरांव द्वारा अंग वस्त्र देकर किया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुका उरांव ने कहा प्रकृति पर्व सरहुल प्रकृति के संरक्षण का संदेश पूरे समाज को देता है। वहीं राकेश भगत ने कहा झारखंड का प्राकृतिक पर्व सरहुल हमारी संस्कृति, धर्म और अस्तित्व से जुड़ा है। हमें इस परंपरा को बचाये रखना है। वहीं जुगेश उरांव ने कहा सरहुल पर्व आपसी प्रेम व भाई चारगी को बढ़ाता है। कार्यक्रम में भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, जिप सदस्य पार्वती कुमारी, मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, भीखा उरांव सहित कई अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बुधवा पहान, सुशील भगत, प्रदीप भगत, मनोज उरांव, विक्रांत उरांव, रजत भगत, पंचम तिर्की, राजेश भगत, निर्मल तिर्की, अजित टोप्पो, प्रभात लकड़ा, रंजीत टोप्पो शंभु कच्छप सुजीत मिंज, अनिल उरांव, प्रभात टोप्पो, अनिल टोप्पो, दिलीप उरांव ने सराहनीय योगदान दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हहाप पंचायत में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हहाप पंचायत में हहाप मुखिया सह समस्त महिला संगठन सरवल के द्वारा संयुक्त रूप से सरहुल पूर्व संध्या मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य बिपिन टोप्पो उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि बिपिन टोप्पो ने कहा कि सरहुल प्रेम और सदभाव का महापर्व है जो हमें प्रकृति का सम्मान करना सिखाता है। कार्यक्रम में पारंपरिक परिधान में युवतियों द्वारा मांदर व ढोलक की थाप पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, रामपुर पूर्व मुखिया चामू बेक, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, अंशु मुंडा, बच्चन बड़ाईक, मरियम लकड़ा ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन वार्ड सदस्य मादी टोप्पो ने किया। कार्यक्रम के अंत में नाच दल सरवल छोटा टोली, सरवल बड़ा टोली, चरना बेड़ा, जामुन टोली एवं बारुडिह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस्य बिपिन टोप्पो, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, मुखिया की पत्नी रीना कच्छप, चामू बेक, प्रदीप तिर्की, मादी टोप्पो, विनोद कच्छप, सोमरा स्वासी, मंगल टोप्पो, मरियम लकड़ा, अंशु मुंडा, किस्टो मुंडा आदि उपस्थित थे।

### झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में डॉक्टर भूमिका साकक्षर का किया गया आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड गवर्नमेंट टूल रुम टाटीसिलवे रांची के सभागार में गुरुवार को डॉक्टर भूमिका साक्षर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची के प्रसिद्ध क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के द्वारा संस्थान के छात्रों को हाउ टो एनहांस मैंटल स्ट्रैंथ पर संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को मानसिक दृढ़ता, मानसिक शक्ति, मानसिक स्वास्थ्य के लाभों को बताया। डिप्रेशन में मनोवैज्ञानिक तरीके से ठीक करने की विधि को विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम के अंत में टूल रुम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने डॉक्टर भूमिका साकक्षर के द्वारा छात्रों को मानसिक दृढता बनाये रखने तथा उनका मनोबल बढ़ाने के लिये धन्यवाद किया।

### कैंब्रिज बीएड कॉलेज में ट्राइबल इंपावरमेंट पर कार्यक्रम आयोजित

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज बीएड कॉलेज अनगड़ा में गुरुवार को ट्राइबल इंपावरमेंट थीम पर एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के जरिए सूबे के विभिन्न जनजातीय समूहों मुंडा, उरांव, खड़िया, हो, संथाली, आदि की संस्कृति, सभ्यता, वेशभूषा, खान पान एवं उनकी वर्तमान स्थिति को दर्शाया गया। छात्राओं द्वारा रंगारंग पारंपरिक नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार ने कहा कि चाहे आजादी की लड़ाई हो या प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन का मामला जनजातीयों की अपनी अलग व समृद्ध गौरव गाथा है। मौके पर डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ रेणु एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. सत्येश कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रो. जसिंता गुड़िया, प्रो. सुधा सपना लकड़ा के अलावे विद्यार्थी विनीता कुजूर, अमित लकड़ा, नेहा एडिना, मेरी विलगु, जैकब ऐनुल आदि की अहम भूमिका रही।

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रागण में गुरुवार को क्षेत्रीय लोक गीत एवं नृत्य के साथ सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर वाईबीएन विश्वविद्यालय कैंपस में प्रो-चांसलर सह चेयरमैन रामजी यादव एवं कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी यादव के द्वारा पौधारोपण किया गया ' मौके पर कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी यादव ने सरहुल की महत्ता पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सखुआ का पत्ता जीवन से मरन तक इस्तेमाल होता है। सरहुल में इस वृक्ष की पूजा होती है। सरहुल की महत्ता केवल झारखंड में ही नही रहा बल्कि पूरे विश्व पटल पर इस पर्व को मनाया जाने लगा है। यह हमलोगों के निश्चिंतता का विषय है कि आदिवासी समाज प्रकृति की पूजा करता है। प्रकृति पर्व सरहुल को विश्वविद्यालय परिवार के द्वारा उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर सह चेयरमैन रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी .यादव , कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे सहित विश्वविद्यालय के सभी संकाय के डीन, एचओडी , कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### इटकी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**इटकी (आजाद सिपाही)।** सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक इटकी थाना परिसर में गुरुवार को की गयी। बैठक में पर्व आपसी तालमेल व सहयोग से मनाने का निर्णय लिया गया। सरहुल शोमा यात्रा के दिन पूर्ण शराबबंदी व असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर प्रशासन को खबर देने की बात कही गई। बैठक में थाना प्रभारी रजनी रंजन, पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष बीरा उरांव, सुका प्रधान, सुधीर प्रधान, अफसर इमाम भोला उरांव, अजीत केसरी, राजकुमार तिर्की, जग मोहन महतो, नंदलाल महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रातू के तिगरा में मशीन चोरी करने आये चोरों को ग्रामीणों ने खदेड़ा, दो बाइक छोड़ चोर हुए फरार

**रातू (आजाद सिपाही)।** रातू थाना क्षेत्र के तिगरा निवासी रतन महली के खेत में लगी पानी मशीन को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया। परन्तु रतन महली ने चोरों को मशीन चोरी करते देख हल्ला कर दिया। जिसके उपरान्त ग्रामीणों को आता देख चोर अपनी बाईक छोड़ पैदल ही फरार हो गये। ग्रामीणों ने कुछ दूर तक चोरों का पीछा भी किया परन्तु अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गये। घटना बुधवार की रात 10 बजे की बतायी जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना रातू थाने को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने वहां से हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक जेएच01सीएम-2831 तथा लाल रंग की होंडा साइन बाईक जेएच01बीटी 1499 को जब्त कर थाना ले आयी। ग्रामीणों के मुताबिक उपरोक्त चोरों के द्वारा पाली निवासी जगेश्वर महतो का सोलर पंप की भी चोरी कर ली गयी है। मामले को लेकर रतन महली ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीओआइ ने लगाया ऋण स्वीकृति सह वितरण शिविर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) रांची अंचल की ओर से सामुदायिक महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराकर उद्यमी बनाना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। उक्त बातें राष्ट्रीय बैंकिंग समूह झारखंड के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कही। वे गुरुवार को केंद्र में आयोजित ऋण स्वीकृति सह वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शैलेश रंजन भी शामिल हुए।इस दौरान 47 महिलाओं को ऋण स्वीकृति पत्र सौंपा गया। इसके साथ ही खूंटी जिले के बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ी आठ बैंक सखियों को सम्मानित किया गया। अंचल द्वारा चलाए जा रहे उक्त अभियान में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बीओआइ की गोविंदपुर शाखा अमर प्रदीप आईंद भी सम्मानित किए गए। महाप्रबंधक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक से 22 मार्च तक प्रोजेक्ट स्वर्ण रेखा आपकी उम्मीदें, हमारा सरोकार स्टार सखी योजना चलाई गई, जिसमें राज्यभर की सभी 491 शाखाओं द्वारा गांव-गांव में ऋण शिविर के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि पिछले 22 दिनों से चल रहे इस अभियान में रांची अंचल द्वारा एक हजार से अधिक महिला लाभार्थियों को 17.24 करोड़ ऋण के ऋण उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि आगामी वित्त वर्ष में भी बैंक ऑफ इंडिया समाज के उत्थान के लिए इस तरह के प्रयासों को जारी रखेगा। उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि समाज व परिवार में महिलाओं की बढ़ती भागीदारिता प्रसंशनीय है। अग्रणी जिला प्रबंधक विनय कुजूर ने खूंटी में यह समारोह आयोजन करने के लिए बैंक के शीर्ष प्रबंधन को धन्यवाद दिया। इस मौके पर रांची अंचल के मुख्य प्रबंधक, विपणन अनुराग वर्मा, कृषि वित्त प्रमुख चंद्र देव, खूंटी जिले के सभी शाखा प्रबंधक और बड़ी संख्या में स्टार सखी योजना के लाभार्थी उपस्थित थे।

## डोडा पीसने की मशीन एवं अफीम समेत एक गिरफ्तार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार की देर रात मुरहू थाना क्षेत्र के हेठगोवा स्थित सेरेंगपीड़ी जंगल से डोडा पीसने की मशीन, 31 बोरा डोडा, फल और पाउडर (567 किलोग्राम), डेढ़ किलो तैयार अफीम और मोबाइल के साथ अन्य सामान बरामद किए। इस मामले में एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार की शाम अनुमंडल पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ अमित कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस दल का गठन किया गया और सेरेंगपीड़ी जंगल में छापामारी की गई। इसमें एक आरोपित विपिन मूडा को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि जंगल से 567 किलो डोडा पाउडर, फल के अलावा दो मशीन और अन्य सामान बरामद किए गए। इस संबंध में मुरहू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी टीम में एसडीपीओ अमित कुमार, खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा, मुरहू थाना प्रभारी चूड़ामणि टूडू एसआई लक्ष्मण लक्ष्मण चौधरी, एसआई दिगंबर पांडेय, एसआई विक्की ठाकुर और मुरहू थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है : प्राचार्य राधेश्याम



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** अरुणुमा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गुरुवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बिच क्राफ्ट, नृत्य, संगीत, ड्राइंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य राधेश्याम साहू ने कहा कि मौजूदा दौर कड़ी प्रतिस्पर्धा का है। इस लिए लक्ष्य हासिल करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासन बेहद जरूरी है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे कठोर परिश्रम करें। ईमानदारी और निष्ठा से की जाने वाली मेहनत से सफलता निश्चित तौर पर उनके कदम चूमेगी। पढ़ाई के साथ ही उन्हें खेलों और अन्य गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने बच्चों को परिजनों व गुरुजनों का आदर-सम्मान करने की सलाह देते हुए कहा कि बड़ों के आशीर्वाद के बगैर मंजिल नहीं मिल सकती। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-23 का परीक्षाफल 25 मार्च को वितरण किया जाएगा। नए सत्र की पढ़ाई तीन अप्रैल से प्रारंभ की जाएगी। समारोह में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर उप प्राचार्य ननीगोपाल, सरिता नंदिता, पूजा, स्मिता, जैस्मिन, बैनिसा, इंदिरानी विद्युत, हरीश, राकेश, विनोद, संदीप आदि उपस्थित थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक में बनाये गये शाखा प्रभारी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा में रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता और संचालन राम लखन गंझू ने किया। बैठक में रैयत विस्थापितों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। सभी शाखा के पदाधिकारियों ने समस्याओं को रखा। कहा कि प्रबंधन को सभी परियोजना में मोर्चा की ओर से मांग पत्र दिया गया। प्रबंधन ने समाधान का आश्वासन भी दिया गया था लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं की गई। जिससे रैयतों में आक्रोश है। प्रबंधन की इसी उदासीन रवैये के कारण कोई भी रैयत खदान विस्तारीकरण में जमीन नहीं देना चाह रहा है। बैठक में मोर्चा के सभी शाखा की मजबूती के लिए प्रभारी बनाये गए हैं। इसमें रोहिणी परियोजना के लिए शिवनारायण लोहरा, नरेश गंझू, रामधारी गंझू, प्रेम गुप्ता, केडीएच परियोजना में रंथू उरांव, विनय खलखो, रामधारी गंझू, सुनील यादव, पुरनाडीह परियोजना में रंथू उरांव, नरेश गंझू, प्रभाकर गंझू, विनय खलखो, चुरी परियोजना में रंथू उरांव, जगरनाथ महतो, अमृत भोगता, प्रकाश महतो, डकरा परियोजना में रामलखन गंझू, प्रभाकर गंझू, शिवनारायण लोहरा, प्रकाश महतो, रोहिणी करकट्टा ओसीपी के लिए रामलखन गंझू, विनय खलखो, बासदेव ठाकुर को बनाया गया है। बैठक में जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, नरेश गंझू, विनय खलखो, अमृत भोगता, प्रकाश महतो, प्रभाकर गंझू, शिवनारायण लोहरा, दामोदर गंझू, प्रेम गुप्ता, सुनील यादव, रामधारी गंझू, आनंद तुरी, भुनेश्वर गंझू, बासदेव ठाकुर, श्यामजी महतो, प्रभु गंझू, हेमलाल गंझू, श्रवण भोगता, कामेश्वर गंझू, दुर्गा भोगता, आनंद गंझू, छोटन भोगता, मन्नू तुरी, सोहराई भोगता, दिलेश्वर महतो, सुकरा गंझू, सिपता गंझू, मनोज तुरी और अमर कुमार आदि उपस्थित थे।

### मुरहू के प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में 600 लोगों की हुई जांच

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर प्रयास हमारी पहली प्राथमिकता : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के मुरहू प्रखंड स्थित एलएन हाई स्कूल में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 600 से अधिक ग्रामीणों ने इलाज कराया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सुगम रूप से इलाज किया। साथ ही मोबाइल यूनिट के माध्यम से भी चिकित्सीय उपचार सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी शशि रंजन ने प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार ऊपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रमुख, मुखिया, जनप्रतिनिधि व अन्य शामिल हुए।



प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करते डीसी शशि रंजन एवं अन्य।

डीसी ने सभी जांच शिविर का निरीक्षण किया। कहा कि इस तरह के आयोजन से स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य का बेहतर रूप से परीक्षण किया गया। साथ ही नेत्र विशेषज्ञों की ओर से आंखों की जांच की गई। साथ ही दृष्टि प्रभावित लोगों के बीच चश्मा का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो रहा है। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर प्रयास हमारी पहली प्राथमिकता में सुमार है। एक ही परिसर में मातृत्व शिशु स्वास्थ्य, स्वास्थ्य परीक्षण, मोबाइल वाहन, सिकल सेल, विशेषज्ञों की टीम का परामर्श, न्यूरो से संबंधित गंभीर रोगों के इलाज की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील विचारों का परिचायक खूंटी जिला नए आयाम बनाएगा। स्वास्थ्य के साथ ही शिक्षा, कृषि व अन्य क्षेत्रों में भी कार्य किये जा रहे हैं। खूंटी जिला विकास की असीम संभावनाएं समेटे है और स्वास्थ्य मेला जैसे प्रयास ही इन्हें सार्थकता प्रदान करते हैं। मेले में पेयजल, आयुष्मान कैंप, कृषि व पशुपालन विभाग, मनरेगा, एवं जिला समाज कल्याण द्वारा कैंप लगाया गया। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के बीच फोटीफाईड चावल और सोना सोबरन धोती साड़ी का वितरण किया गया।

## आजाद सिपाही में छपी खबर पर अर्जुन मुंडा ने लिया संज्ञान, डीसी को कार्रवाई का निर्देश देने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड के मानकीडीह पंचायत में बिचौलिये की दबंगई से कराह रहे मानकीडीह के ग्रामीण शीर्षक खबर को के आजाद सिपाही अखबार ने गुरुवार के अंक में पेज नंबर पांच पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। जिसे गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री सह खूंटी के सांसद अर्जून मुंडा ने ट्वीट कर रांची के डीसी को कार्रवाई करने का निर्देश देने की बात कही है। ज्ञात हो कि तमाड़ प्रखंड अर्जुन मुंडा के लोकसभा क्षेत्र में आता है।


Arjun Munda @Mun... · 12s
@DC_Ranchi कृपया संज्ञान लें।

हद है : 40 डोभा बनाये गये थे, जिनका अब नामो-निशान नहीं, 70 चापाकल में 15 खराब हैं

बिचौलियों की दबंगई से कराह रहे मानकीडीह के ग्रामीण

सरकारी संसाधन तो हैं, लेकिन व्यवस्था चौपट है

## कोयलांचल में दिखा चांद, रमजान का पहला रोजा आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल और आस पास के ग्रामीण इलाकों मे गुरुवार की शाम रमजान उल मुबारक का चांद नजर आया। इसके साथ ही कोयलांचल क्षेत्र के सभी जगहों पर नमाज ए तरावीह की शुरूआत हो गई है। बचरा, राय, बहेरा, पुरानी राय न्यू मंगरदाहा और कल्याणपूर सहित अन्य मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हुई। बचरा बंसत विहार कालोनी, बिशुझापा कालोनी, बाजारटांड़ आदि जगहों पर भी नमाज शुरू हो गई है। आज पहले रोजा के साथ पहले जुमे की नमाज अदा की जाएगी।

## सिल्ली में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर गुरुवार को सिल्ली प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय दिव्यांगता जांच एवं प्रमाण पत्र वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने की। शिविर में 150 से अधिक लोगों की जांच की गयी। शिविर में पहुंचे लोगों की दिव्यांगता जांच डॉ अरुण बाखला, डॉ वत्सल लाल, संदीप कुमार, डॉ वीणा, स्वीटी कुमारी, डॉ अंशु, डॉ कन्हैया झा सहित रांची से आई मेडिकल टीम ने की। नेत्र, आंख सहित अन्य विकृतियों की जांच की गई । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जितेंद्र महली सिंह ने बताया कि सभी दिव्यांगों की जांच होने के बाद उन्हें विकलांग प्रमाणपत्र दिया जाएगा। वहीं आईडी कोऑर्डिनेटर शोभा सिंह ने बताया कि जांच के बाद 70 दिव्यांगों का चयन किया गया है। जिन्हें 10 दिनों बाद यूडीआईडी कार्ड व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। शिविर के आयोजन में सीओ धर्मेंद्र दुबे, बीपीओ मनोज कुमार, रिसोर्स शिक्षक सुरेश चौधरी आदि सक्रिय दिखे।

## भगवान श्रीराम के आदर्श अनादि काल से ही मानव जीवन के लिए प्रेरणास्रोत : मिलिंद परांडे

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भगवान श्रीराम का जीवन आदर्शों से भरा है। अपने जीवन में उन्होंने मां, पिता, भाई, पत्नी, मित्र, शत्रु, प्रजा सहित समस्त रिश्तों एवं जीवन की हर मर्यादा को कैसे निभाना है, इसे बखूबी स्थापित किया है। लेकिन आज हम अपने पूर्वजों के आदर्श, सिद्धांत एवं पराक्रम को भुलने लगे हैं, जिससे समाज की बर्बादी हो रही है। ये बातें विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कही। वे गुरुवार को गोल्डन पैलेसे में विहिप द्वारा आयोजित श्रीराम महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने मिशनरियों से धर्म समाज की रक्षा एवं मतांतरण के विरोध में अपना जीवन न्योछावर कर दिया, लेकिन उनके राज्य झारखंड में आज मतांतरण तेजी से फैल कर समाज के पतन का कारण बन रहा है। एक सीता मां का अपहरण हुआ, तो समस्त रावण कुल का नाश हो गया, लेकिन आज हजारों बहू बेटियों का लव जिहाद के नाम पर अपहरण हो रहा है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए भगवान के आदर्श को अपनाते हुए सक्रिय होकर समाज को जागरूक करना होगा। आज बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों द्वारा आए दिन घुसपैठ कर जनसंख्या संतुलन को बिगाड़ा जा रहा है, जिसे दुरुस्त करने की जरूरत है। वहीं, पूर्व सांसद कड़िया मुंडा ने भगवान श्रीराम के आदर्श एवं गुणों को आत्मसात करने की जरूरत पर जोर दिया। स्वागत भाषण विहिप के जिला अध्यक्ष विनोद जयसवाल और कार्यक्रम का संचालन प्रवीण जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम, बिरसा मुंडा और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व सिमडेगा से खूंटी आने के दौरान विहिप के सैकड़ों कार्यकर्ता अंगराबारी से राष्ट्रीय महामंत्री को जुलूस के रूप में एस्कॉर्ट करते हुए खूंटी तक लेकर आए। खूंटी में भगत सिंह चौक पर बाजे गाजे के साथ उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विहिप के राष्ट्रीय महामंत्री, पद्मभूषण कड़िया मुंडा सहित अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर आनंद कुमार, देवी सिंह, वीरेंद्र साहू, रंगनाथ महतो आदि थे।




### विश्व मौसम दिवस पर तोरपा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# जलवायु परिवर्तन हमारी अर्थव्यवस्था के लिए खतरा : डॉ चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कृषि विज्ञान केंद्र और राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को विश्व मौसम दिवस पर जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को मौसम आधारित खेती के लिए प्रेरित करना और खूंटी जिले में संचालित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना से अवगत कराना था। मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक प्रभाव कृषि पर पड़ रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ ही कृषि है। ऐसे में जीवाश्म ईंधन के दोहन और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है। यदि जलवायु परिवर्तन को समय रहते न रोका गया, तो लाखों लोग भुखमरी, जल संकट और बाढ़ जैसी विपदाओं का शिकार होंगे। जलवायु परिवर्तन हमारी अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। कृषि की उत्पादकता पूरी तरह से मौसम, जलवायु और पानी की उपलब्धता पर निर्भर होती है। इनमें से किसी भी कारक के बदलने अथवा स्वरूप में परिवर्तन से कृषि उत्पादन प्रभावित होता है। एक तरफ जलवायु परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ रहा है, वहीं अप्रत्यक्ष प्रभाव आय और अनाजों की बढ़ती कीमतों के रूप में परिलक्षित हो रहा है। कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि किसान वर्षा जल का संचय करें और मौसम आधारित खेती की ओर अग्रसर हों।



जलवायु परिवर्तन से होने वाले खतरे से अवगत कराते मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## विधायक विकास मुंडा ने सदन में उठाया बुंडू अनुमंडल में आधारभूत संरचना निर्माण की मांग

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** विधायक विकास कुमार मुंडा ने बुंडू अनुमंडल में आधारभूत संरचना निर्माण की मांग को लेकर सदन में मामला उठाया। विधायक ने कहा कि शहीद रमेश सिंह मुंडा के अथक प्रयास से बुंडू अनुमंडल की स्थापना कि गई थी। पर दुर्भाग्यवश अब तक जो व्यवस्थाएं एक अनुमंडल में होनी चाहिए वो नहीं हो पाई है। विधानसभा में मांग की कि व्यवहार न्यायालय, कारागार , उप कोषागार, अनुमंडल पशुपालन कार्यालय, अनुमंडल शिक्षा कार्यालय, अनुमंडल कृषि कार्यालय एवं अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय यथा शीघ्र पूरा किया जाए। विधायक के मांग के संदर्भ में संबंधित विभागों को कायार्वाही के लिए निर्देशित करने का आदेश सदन से पारित हुआ।

## बुंडू में यूथ मोबलाइजेशन कैंप का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** राजीव गांधी सेवा केंद्र में जेएसएलपीएस के तत्वाधान में गुरुवार को यूथ मोबलाईजेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न पीआइए केंद्र से आये प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न ट्रेड सिलाई मशीन ऑपरेटर, सामान्य कर्तव्य सहायक, सहायक बिजली मिस्त्री, वायर हाउस पीकर जैसे अमेजन/फ्लिप्कार्ट/मिन्त्रा/एयरलाइन्स/सेफ एक्सप्रेस/इंडिगो एयरलाइन्स/स्पाइस जेट एयरलाइन्स जैसी बड़ी लॉजिस्टिक्स (आइटम लेबलिंग, स्कैनिंग, सॉर्टिंग, दस्तावेज बनाना), गैस पाइप फिटर (पाइपलाइन सप्लाई), प्लंबिंग, एलेक्ट्रिसियन, डाटा इंट्री ऑपरेटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर कई कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही स्वरोजगार के लिए रुडसेट प्रशिक्षण केंद्र की ओर से मुर्गी पालन, सुअर पालन, मशरूम की खेती, कृत्रिम आभूषण, डेयरी आदि जैसे व्यवसायों में प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़े जाने की जानकारी दी गई। इस मौके पर उपश्थित प्रखंड प्रमुख बुंडू राजकुमार गोंझु, बुंडू जिला परिषद सदस्य प्रमेश्वरी सांडील, बारुहातु पंचायत के मुखिया रेखा देवी, सखी मंडल की दीदी, विभिन्न गाँव से आये हुए युवक-युवती, जेएसएलपीएस से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार, मो आलम अंसारी, रामेश्वर सिंह मुंडा, शोभा देवी, रेखा देवी, उमेश महतो, जे.आर.पी. सीमा देवी, बसंती देवी, प्रतिमा देवी और आशा देवी मौके पर मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी सेविका के चयन में अनियमितता की शिकायत

**अड़की (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मैपा गांव में आंगनबाड़ी सेविका के चयन में अनियमितता की शिकायत की गयी है। गुरुवार को चयन में तीन अभ्यर्थी बसंती टूटी, उर्मिला देवी व कौशल्या देवी शामिल हुई जिसमें उर्मिला देवी का चयन कर दिया गया। जबकि बसंती टुटी बीए में प्रथम होने के बावजूद उनका चयन नहीं करने का आरोप लगाया गया। जिनका चयन किया गया उनके पति नौकरी करते है और गांव में नहीं रहते है। बसंती टूटी इसकी शिकायत खूंटी डीसी को करेंगें। इस गांव में सरकारी जगह नहीं रहने के कारण अब तक भवन नहीं बन पाया है। चयन प्रक्रिया में सीडीपीओ अड़की सुपरवाइजर मुखिया ग्राम प्रधान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## शहादत दिवस पर शहीद भगत सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शहीद ए आजम भगत सिंह को उनके शहादत दिवस पर गुरुवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर के प्रमुख भगत सिंह चौक में स्थापित उनकी प्रतिमा के समक्ष समाजसेवी महेंद्र भगत की अगुवाई में आयोजित शहादत दिवस में उपस्थित बड़ी संख्या में लोगों ने उनकी प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर महेंद्र भगत, रमेश मांझी, ब्रजेश कुमार, सुरेश जायसवाल आदि ने आजादी के लिए महज 23 वर्ष की आयु में ही हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूलने वाले शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महावीर कुमार, सूरज जायसवाल, विनोद नाग, राजेश नाग, सचिन कुमार, महेंद्र सिंह, प्रकाश कुमार, बाबू सोनी, पंकज चौरसिया, विशाल चंद्रा, मोहन महतो आदि ने भी श्रद्धांजलि दी।

## सीसीएलकर्मी ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पिपरवार परियोजना में कार्यरत डंपर ऑपरेटर सूरजा उरांव (52) ने गुरुवार की दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक सीसीएल कर्मचारी सूरजा उरांव इस दिन बाजार से अपने क्वाटर बचरा 172 माईन्र्स कॉलोनी पहुंचा था। किसी से बिना कुछ कहे अपने कमरे में चला गया और वहीं फांसी लगा ली। परिजनों को इसकी भनक लगने के बाद आनन-फानन में उसे बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी और उनके दोनों बेटो का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनो के अनुसार उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उनका ईलाज भी चल रहा था। इधर, घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं कई सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी सहित स्थानीय ग्रामीण और जन प्रतिनिधि भी बचरा अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मृतक बचरा माईन्र्स क्वार्टर में रहकर पिपरवार परियोजना में डंपर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। पिपरवार पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। उनके निधन पर कई लोगो ने दुःख प्रकट किया है। दुःख प्रकट करने वालों में पूर्व जिप सदस्य प्रोफेसर शोभा कुजूर,विनोद सिंह,रविंद्र सिंह, बाबूलाल राम,कृष्णा यादव,कामेश्वर राम,भोला मियां,उमेश सिंह,बंसत गुप्ता, आनंद मुंडा आदि थे।

## बचरा स्टेशन रोड में एक ही रात चार दुकानों में चोरी

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा स्टेशन रोड में बुधवार की रात चार दुकानों में एक साथ सीट तोड़कर चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार शंकर मुखर्जी के हेल्थ केयर स्टोर में रखे कुछ नगद रुपए की चोरी कर ली। वहीं दुकान में रखे लैपटॉप को पूरी तरह से तोड़कर बर्बाद कर दिया। चोरों ने उसके बगल के सदानंद शर्मा के इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल वर्कशॉप को निशाना बनाते हुए सीट तोड़कर वहां रखे करीब 40 किलो कॉपर वायर और 35 किलो स्क्रैप वायर सहित कई पाट्र्स की चोरी कर ली। इसके अलावा स्टेशन रोड बचरा में ही राहुल कुमार नामक व्यक्ति के कोचिंग सेंटर में लगे एलईडी टीवी की भी चोरी कर ली। वहीं, बचरा पेट्रोल पंप के पास एक चाय दुकान में भी चोरों ने कुछ सामानों की चोरी कर ली। संबंधित दुकानों के संचालकों के द्वारा इसकी सूचना पिपरवार थाना को दी गई। जिसके बाद पिपरवार पुलिस बारी-बारी से सभी दुकान जाकर चोरी की घटना की जानकारी ली। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि घटना में शामिल चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर, घटना का व्यवसायिक संघ ने विरोध किया है। व्यवसायिक संघ के सचिव रविंद सिंह ने भी सभी दुकानों का निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस से इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

